केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद, गुजरात में विश्व उमिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'युवा बिजनेस महासम्मेलन- 2025' को संबोधित किया

उमिया फाउंडेशन ने उमिया माता के प्रति लोगों में श्रद्धा जगाने का कार्य किया है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 2014 से 2025 तक देश ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है

विश्व उमिया फाउंडेशन द्वारा तैयार ऐप से युवाओं का क्लाइंट, मेन्टोर, करियरऔर मार्केट के बीच सीधा संपर्क होगा

इस कार्यक्रम से युवाओं को व्यापार और तकनीकी एक्सपोजर का मौका मिलेगा

मोदी जी स्टार्टअप इंडिया, स्टेन्ड अप इंडिया, मुद्रा योजना जैसी पहलों से युवाओं को व्यापार के लिए प्रोत्साहित कर रहे

2014 में पूरे देश में 500 स्टार्टअप्स व चार युनिकॉर्न स्टार्टअप्स थे, आज 2 लाख 6 हजार स्टार्टअप्स और 120 युनिकॉर्न स्टार्टअप्स हैं

2047 में जब आज़ादी के शताब्दी उत्सव तक हमारा देश हर क्षेत्र में नंबर एक पर होगा, इसमें आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी का आग्रह बहुत जरूरी

प्रविष्टि तिथि: 28 DEC 2025 9:08PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद, गुजरात में विश्व उमिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'युवा बिजनेस महासम्मेलन- 2025' को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विश्व उमिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित युवा बिजनेस महासम्मेलन - 2025 में करीब 15 हजार युवा इकट्ठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां विश्व उमिया फाउंडेशन के एक ऐप का भी उद्घाटन हुआ है, जिसके माध्यम से गुजरात सरकार ने बेहद प्रोफेशनल तरीके से पाटीदार समाज के युवाओं के लिए बिज़नेस के संरक्षण, संवर्धन और वृद्धि के लिए सारी जरूरते पूरी करने का प्रयास किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज के युग में इनफार्मेशन बहुत बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि बेशक मन में उमंग, उत्साह, क्षमता हो, लेकिन अगर मार्गदर्शन न हो तो काफी दिक्कतें होती हैं। आज इस कार्यक्रम में समाज एकत्र हुआ है, समाज की शिक्षा की चिंता करनेवाला संगठन भी उपस्थित है और गुजरात व देश के अर्थतंत्र को गति देने का उद्देश्य भी है। श्री शाह ने कहा कि मां उमिया का मंदिर सनातन धर्म का ऐसा केन्द्र बनने वाला है, जिसने संस्कृति को भी जमीन पर उतारा है। एक ही स्थान पर समाज, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और संस्कृति का सुंदर समन्वय देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को तकनीकी एक्सपोजर का मौका मिलेगा। आज लॉन्च हुए ऐप के माध्यम से क्लाइंट, मेन्टोर, करियर, ऑपरचुनिटी और मार्केट के बीच सीधा संपर्क हो जाएगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि उमिया फाउंडेशन की स्थापना 16 दिसंबर, 2016 को हुई थी और तब से आज तक निरंतर इसका काम आगे बढ़ा है। उमिया फाउंडेशन ने मां उमिया के प्रति गुजरात और गुजरात के बाहर सभी लोगों में असीम श्रद्धा जगाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पाटीदार समाज और पूरे गुजरात को मां उमिया के तहत एकत्र होकर सनातन धर्म की मजबूत धरोहर और शाखा बनाने के लिए उमिया फाउंडेशन ने बहुत सुंदर कार्य किया है। श्री शाह ने कहा कि फाउंडेशन ने सैंकड़ों युवाओं को छात्रवृत्ति देकर उच्च शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ाने, विकास और प्रकृति के संतुलन के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाने और समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए प्रशंसनीय पुरुषार्थ किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 2014 से 2025 तक देश ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के युवाओं के लिए ढेर सारे अवसर उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश का नेतृत्व संभाला उस समय हम विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थे, और 2014 से 2025 के 11 साल में ही हम 11वें से विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। श्री शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 तक हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने युवाओं के विकास के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्टेन्ड अप इंडिया, मुद्रा योजना, वोकल फोर लोकल और लोकल फोर ग्लोबल तक की चैन तैयार की है। श्री शाह ने कहा कि 2014 में पूरे देश में स्टार्टअप की संख्या 500 थी, आज यह 2 लाख 6 हजार हो चुकी है। इन 2.06 लाख स्टार्टअप्स के माध्यम से आज 18 लाख स्थायी रोजगार सर्जन हुआ और लाखों लोगों को अस्थायी रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि 2014 में 500 में से चार युनिकॉर्न स्टार्टअप्स भारत में थे, आज देश में 120 युनिकॉर्न स्टार्टअप्स हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि 2047 में जब देश की आज़ादी का शताब्दी उत्सव मनाया जाए तब पूरे विश्व में भारत नंबर एक पर हो। ऐसे भारत की रचना करने के लिए दो कार्य बहुत महत्त्वपूर्ण मुद्दे है -पहला आत्मनिर्भर भारत और दूसरा स्वदेशी का आग्रह। अगर हमने इन्हें पूरा कर लिया तो हमें दुनिया में हर क्षेत्र में नंबर एक पर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में भारत के उत्पादों का निर्यात हो और भारत देश में बनी चीजों का इस्तेमाल करें तो भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बहुत फायदा होगा।

*****

आरके / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2209297) आगंतुक पटल : 397
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English